Obituary References

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं अत्यंत दु:ख के साथ सभा को हमारे तीन पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूँ ।

श्री इकबाल अहमद सरदगी कर्नाटक के गुलबर्गा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13 वीं और 14 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री सरदगी रेल संबंधी समिति, विशेषाधिकार समिति, प्राक्कलन समिति और गृह कार्य संबंधी समिति के सदस्य रहे हैं । वे कर्नाटक विधान परिषद के भी सदस्य रहे हैं ।

श्री इकबाल अहमद सरदगी का निधन 79 वर्ष की आयु में 21 मई, 2024 को कर्नाटक के कलबुर्गी में हआ ।

स्क्वाड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) कमल चौधरी पंजाब के होशियारपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8 वीं, 9 वीं, 10 वीं और 12 वीं लोक सभा के सदस्य रहे हैं ।

श्री चौधरी सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति और रक्षा संबंधी समिति के सभापति रहे हैं । वे विभिन्न संसदीय समितियों के भी सदस्य रहे हैं ।

स्क्वाड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) कमल चौधरी का निधन 76 वर्ष की आयु में 25 जून, 2024 को दिल्ली में हुआ ।

श्री रमेश राठौड़ तत्कालीन आंध्र प्रदेश के आदिलाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 15 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री राठौड़ सभा पटल पर रखे गए पत्रों संबंधी समिति तथा कोयला और इस्पात संबंधी समिति के सदस्य रहे हैं । इससे पहले वे आंध्र प्रदेश राज्य विधान सभा के भी सदस्य रहे हैं ।

श्री रमेश राठौड़ का निधन 57 वर्ष की आयु में 29 जून, 2024 को आदिलाबाद में हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है ।